करण और बादशाह के साथ नये प्रोजेक्ट में नजर आयेगी नोरा

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नये प्रोजेक्ट में नजर आयेगी.

नोरा फतेही ने अपने ख़ास डान्स कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है. वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती. हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज़ के वायरल गाने 'तौबा तौबा' के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा. नोरा ने कहा,मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है. लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का; मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है. और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!जिस पर बादशाह ने कहा, आप पॉप कल्चर हैं!

जब नोरा को उससे व्हाट्सएप ग्रुप का नाम बताने के लिए और पूछताछ की, तो उसने कहा, मैं आपको नहीं बता सकती क्योंकि यदि मैंने आपको बताया तो मैं प्रोजेक्ट का नाम उजागर कर दूंगी और मैं ऐसा नहीं करना चाहती.लेकिन मुझे आप लोगों को बताना होगा कि करण और बादशाह के साथ यह प्रोजेक्ट बहुत बढ़िया है. हमने अभी ग्रुप बनाया है.

दर्शकों को बहुत ही रोमांचक ट्विस्ट और सरप्राइज़ मिलेंगे : अभिषेक बजाज

जानेमाने अभिनेता अभिषेक बजाज का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट के शो 'जुबली टॉकीज़ - शोहरत-शिद्दत-मोहब्बत' के आगामी एपिसोड्स में दर्शकों को बहुत ही रोमांचक ट्विस्ट और सरप्राइज़ देखने को मिलेंगे.

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न की मनमोहक कहानी 'जुबली टॉकीज़ - शोहरत- शिद्दत-मोहब्बत' में अब कहानी और भी प्रबल हो गई है. एजी (अभिषेक बजाज) और उसकी प्रेमिका आइरा (साक्षी परिहार) का रिश्ता मुश्किल दौर से गुज़र रहा है. किसी भी कीमत पर अपने रिश्ते को बचाने के लिए, आइरा एजी को अपने साथ रहने के लिए उकसाती है. दूसरी ओर, एजी की मां, तारा (विश्वप्रीत कौर) शिवांगी (खुशी दुबे) को एजी के पर्सनल असिस्टेंट की नौकरी देती है.

यह बात एजी को अच्छी नहीं लगती है, जो शिवांगी के जीवन को मुश्किल बनाने के लिए दृढ़ है.नौकरी के पहले दिन, एजी शिवांगी को अजीबोगरीब काम देता है, इस उम्मीद में कि इनसे परेशान होकर वह नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएगी, लेकिन शिवांगी अपनी बुद्धि का इस्तेमाल करती है और दृढ़ रहती है. लेकिन जब एजी शिवांगी के लिए एक अनोखी समस्या खड़ी करता है, तो वह यह सोचने पर मजबूर हो जाती है कि क्या वह इस नौकरी के लिए उपयुक्त है.

अयान ग्रोवर उर्फ?? एजी की भूमिका निभाने वाले अभिषेक बजाज ने कहा,अगले कुछ एपिसोड्स में, मेरा किरदार अपने निजी जीवन में मुश्किल दौर से गुज़रने वाला है, और हम देखेंगे कि उसे अपनी प्रसिद्धि और कार्य प्रतिबद्धताओं के बीच संतुलन बनाने में कितनी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. दर्शक एजी और शिवांगी को कई मतभेदों में फंसते हुए भी देखेंगे, कुछ मज़ाकिया और कुछ गंभीर. अगले कुछ एपिसोड्स में कुछ बहुत ही रोमांचक ट्विस्ट और सरप्राइज़ मिलेंगे, और मुझे अपने सह-कलाकारों के साथ उन्हें शूट करने में बहुत मज़ा आया.

फिल्म की शूटिंग के दौरान चोटिल हुई उर्वशी रौतेला

हिंदी सिनेमा के बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस के बारे में चर्चा की जाए तो उसमें उर्वशी रौतेला का नाम जरूर शामिल होगा. अपने किलर अंदाज से अक्सर लाइमलाइट बटोरने वालीं अभिनेत्री को लेकर इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है, जिसे जानकर उनके फैंस की चिंता बड़ सकती है.बताया जा रहा है कि अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग के दौरान उर्वशी के साथ एक बड़ा हादसा हुआ है, जिसके चलते एक्ट्रेस को फ्रैक्चर होने की सूचना मिल रही है.

इसके बाद उनको तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मौजूदा समय में उर्वशी रौतेला तेलुगू सुपरस्टार नंदमुरी बालाकृष्ण की 109वीं फिल्म की शूटिंग में बिजी चल रही हैं. हैदाराबाद में इस मूवी को शूट किया जा रहा है और इसी दौरान उर्वसी के साथ एक भयंकर हादसा हो गया है. फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री की टीम ने एक मीडिया स्टेटमेंट को साझा करते हुए कहा है कि सेट पर एक हाइंस इटेंस एक्शन सीन को फिल्माने के दौरान उर्वशी रौतेला को चोट लगी है, जिसकी वजह से उनको फ्रैक्चर हुआ है. हाल ही में बतौर एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला फिल्म जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (छ्वह्र) में नजर आईं थीं. हालांकि उनकी ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं.

जैकलीन की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फिर बढ़ी मुश्किलें

सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिसकी मुश्किलें फिर से बढ़ गई हैं. दरअसल ईडी ने एक्ट्रेस को एक बार फिर से समन भेजा है, दरअसल ईडी को जैकलीन फर्नांडिस के खिलाफ नए सबूत मिले हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आज यानी 10 जुलाई को जैकलीन फर्नांडिस से मामले में नए सिरे से पूछताछ होनी है, इसके लिए एक्ट्रेस को ईडी के हेडक्वाटर में पेश होने के लिए कहा गया है. बता दें कि प्रवर्तन निदेशायल ने हाईकोर्ट में कहा था कि सुकेश चंद्रशेखर एक ठग हैं, इस बारे में जैकलीन को पहले से ही सारी जानकारी थी.

गौरतलब है कि सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशायल ने एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पर पहले से ही चार्जशीट दाखिल कर दी थी. बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर ने अपने बयान में खुलासा किया था कि उन्होंने ठगी से मिले पैसों से जैकलीन को करोड़ों रुपये के गिफ्ट दिए थे.

अमिताभ ने पॉडकास्ट में निर्देशक नाग अश्विन से बातचीत की

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक विशेष पॉडकास्ट में कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन से बातचीत की. नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं.अमिताभ ने कल्कि 2898 एडी में अश्वत्थामा की भूमिका निभायी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया.'कल्कि क्रॉनिकल्स' के एक रोमांचक नए एपिसोड में, अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन के साथ बातचीत की.

यह बातचीत फिल्म कल्कि 2898 एडी के निर्माण, इसके अनूठे विज़न और फिल्म के प्रति दर्शकों की ज़बरदस्त प्रतिक्रिया पर केंद्रित है.यह छोटी क्लिप अमिताभ बच्चन और नाग अश्विन के बीच स्पष्ट बातचीत की एक झलक पेश करती है, जो इस परियोजना के लिए उनके आपसी प्यार को उजागर करती है.



टेकनीशियन फिल्म फैक्ट्री क्रियेशन के बैनर से निर्माता पराग पाटिल और आर.आर.प्रिंस नारी शक्ति पर आधारित फिल्म प्रोडक्शन नंबर 6 लेकर आ रहे हैं.

फिल्म प्रोडक्शन नंबर 6 की कहानी मनोज नारायण ने लिखी है और इस फिल्म का निर्देशन भी उन्होंने ही किया गया है. इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों नेपाल के खूबसूरत जगहों पर चल रही है. फिल्म का निर्माण भव्यता के साथ बड़े पैमाने पर किया जा रहा है.इस फिल्म को लेकर निर्माता पराग पाटिल ने बताया कि इस फिल्म के माध्यम से हम नारी शक्ति को एक प्रेरणादायक और अनूठे दृष्टिकोण से प्रस्तुत करने का इरादा रखते हैं और इसके लिए हम फिल्म को भव्यता से बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि टेकनीशियन फिल्म फैक्ट्री अपनी फिल्मों में गुणवत्ता और मनोरंजन का ख़ास ख्याल रखती है, जिससे फिल्म जब परदे पर आये तो दर्शक खुद को फिल्म देखने के बाद रोमांचित महसूस करें. इसी उद्देश्य के साथ हम अपनी नई फिल्म भी बना रहे हैं, जो जल्द ही पूरी हो जाएगी और सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब तक भोजपुरी के दर्शकों को इस अद्भुत फिल्म के थोड़ा इंतज़ार करना होगा.

नारी शक्ति पर आधारित फिल्म लेकर आ रहे हैं निर्माता पराग

त्रिप्ति ने बैड न्यूज़ के गाना जानम में हॉटनेस का तड़का लगाया

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने अपनी आने वाली फिल्म बैड न्यूज़ के गाना जानम में हॉटनेस का तड़का लगा दिया है.

त्रिप्ति डिमरी, जिन्हें एनिमल में उनके शानदार अभिनय के लिए सराहा गया, फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म बैड न्यूज़ के कारण सुर्खियों में हैं. पहली बार कॉमेडी में कदम रखते हुए, वह फिल्म बैड न्यूज़ के नए गाने जानम में हॉटनेस का तड़का लगाती नज़र आ रही हैं.

विक्की कौशल के साथ त्रिप्ति की इंटेंस और जोशीली केमिस्ट्री कुछ ऐसी है जिसका दर्शकों को फ़िल्म में बेसब्री से इंतज़ार रहेगा.प्रतिभाशाली विशाल मिश्रा द्वारा गाया गया यह गाना दिल को छू लेने वाली भावनाओं को शानदार दृश्यों के साथ जोड़ता है.

बैड न्यूज़ के अलावा, त्रिप्ति डिमरी विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो, भुल भुलैया 3 और धड़क 2 में भी नज़र आएंगी.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी



मंगल ग्रह पर हर रोज बरसती है आग

मंगल ग्रह में वैज्ञानिकों को सबसे ज्यादा दिलचस्पी है. इसे लेकर नासा समेत दुनिया की कई स्पेस एजेंसियां अपने मिशन चला रही हैं. इससे जुड़ा एक नया शोध आया है जो वैज्ञानिकों को हैरान कर रहा है. वैज्ञानिकों को पता चला है कि मंगल ग्रह पर लगभग एक उल्कापिंड हर रोज गिरता है. नासा के इनसाइट मिशन के आंकड़ों के मुताबिक यह अनुमान से 10 गुना अधिक उल्कापिंड हैं. ग्रह को बेहतर ढंग से समझने के लिए शोध में मार्सक्वेक या भूकंपीय गतिविधि के डेटा का इस्तेमाल किया गया है.वेरी हाई-फ्रीक्वेंसी मार्सक्वेक सांख्यिकी से मंगल पर प्रभाव दर का एक नया अनुमान नाम की स्टडी नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है. अध्ययन में कहा गया है कि लाल ग्रह पर हर साल लगभग 280 से 360 बास्केटबॉल के आकार का उल्कापिंड गिरता है.

ब्रह्मांडीय घड़ी है उल्कापिंड

शोधकर्ताओं में से एक इंपीरियल कॉलेज लंदन के नतालिया वोज्सिका ने कहा कि वे भूकंपीय डेटा का उपयोग करके मंगल ग्रह के भूवैज्ञानिक इतिहास और विकास की समयरेखा को एक साथ जोड़ सकते हैं. ताकि यह बेहतर ढंग से समझा जा सके कि उल्कापिंड कितनी बार मंगल ग्रह से टकराते हैं और ये प्रभाव इसकी सतह को कैसे बदलते हैं. स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा, आप इसे एक प्रकार की ब्रह्मांडीय घड़ी की तरह सोच सकते हैं, जो हमें मंगल ग्रह की सतहों और शायद आगे चलकर सौर मंडल के अन्य ग्रहों की तारीख तय करने में मदद करेगी.

जोखिम की मिलेगी जानकारी

मंगल का अध्ययन करके वैज्ञानिक उल्कापिंडों से पृथ्वी को होने वाले जोखिम को भी बेहतर ढंग से समझ सकते हैं. निष्कर्षों से मंगल ग्रह पर रोबोटिक और मानव दोनों तरह के मिशनों के लिए सुरक्षा उपाय तैयार करने में मदद मिलेगी. ब्राउन यूनिवर्सिटी के इंग्रिड डाउबर ने कहा कि ग्रहों पर उल्कापिंड हर समय गिरते हैं. उन्होंने कहा कि वे पृथ्वी पर होने वाली घटनाओं के साथ तुलना करने में रुचि रखते हैं.

गूगल पिक्सेल 9 मेड बाय गूगल इवेंट में करेगा डेब्यू

गूगल 13 अगस्त को मेड बाय गूगल इवेंट में अपना नेक्स्ट-जेनरेशन स्मार्टफोन पिक्सेल 9 लॉन्च करने के लिए तैयार हैपिक्सेल 9 में एडवांस्ड एआईक्षमताएँ होंगी, जिसमें गूगलएआई नामक एक नया एआई टूल भी शामिल है . यह टूल उपयोगकर्ताओं को कंटेंट को अधिक कुशलता से सहेजने, खोजने और व्यवस्थित करने में सक्षम करेगा .

गूगल एआई की प्रमुख विशेषताओं में से एक पिक्सेल स्क्रीनशॉट सुविधा है, जो उपयोगकर्ताओं को अपने स्क्रीनशॉट खोजने और व्यवस्थित करने की अनुमति देती है. यह सुविधा माइक्रोसाफ्ट के रिकॉल फ़ीचर के समान है, लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है. जबकि रिकॉल आपकी सभी गतिविधियों के स्क्रीनशॉट लेता है, पिक्सेल स्क्रीनशॉट केवल उन स्क्रीनशॉट को कैप्चर करता है जिन्हें आप सहेजना चाहते हैं. इसके अतिरिक्त, आप इस सुविधा का उपयोग अपने स्क्रीनशॉट में विशिष्ट सामग्री खोजने और छवियों के बारे में प्रश्न पूछने के लिए भी कर सकते हैं.

एक और रोमांचक फीचर ऐड मी फीचर है, जो आपको ग्रुप फोटो लेने के बाद लोगों को उसमें जोड़ने की सुविधा देता है. यह फीचर पिक्सेल 8 पर मौजूद बेस्ट टेक फीचर का अपग्रेड है. इसके अलावा, स्टूडियो पिक्सल फीचर यूजर्स को अपने फोन पर इमेज, स्टिकर और बहुत कुछ बनाने में सक्षम बनाएगा. रिपोर्ट के मुताबिक, यह एआईटूल इमेज क्रिएटर की तरह काम करेगा.

हालाँकि गूगल ने आधिकारिक तौर पर गूगलएआई और इसकी विशेषताओं के बारे में कोई विवरण घोषित नहीं किया है, लेकिन 13 अगस्त को होने वाले मेड बाय गूगल इवेंट में अधिक जानकारी सामने आने की उम्मीद है.

चीन ने अपने स्पेस स्टेशन को पहनाया कवच

पिछले सप्ताह रूसी उपग्रह में विस्फोट के बाद चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन तिआंगओंग को सुरक्षित करने में जुट गया है. रूसी सैटेलाइट के विस्फोट के बाद चीन के अंतरिक्ष स्टेशन को अतिरिक्त सुरक्षा कवच देने के लिए शेनझोउ-18 के दो अंतरिक्ष यात्रियों ने बुधवार रात को स्पेसवॉक की.

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने चीनी एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन के अधिकारी के हवाले से जानकारी दी. अधिकारी ने चीन के सरकारी टेलीविजन सीसीटीवी को बताया कि, स्पेसवॉक के दौरान मुख्य रूप से अंतरिक्ष स्टेशन के बाहरी केबल और पाइपलाइनों पर सुरक्षात्मक उपकरण लगाए गए.उन्होंने बताया कि इससे अंतरिक्ष मलबे के संभावित टकराव से उत्पन्न होने वाले जोखिम को कम किया जा सकेगा और स्पेस स्टेशन की सुरक्षा को बढ़ाने में मदद में मिलेगी.

इसके पहले अमेरिकी स्पेस कमांड ने बताया था कि पृथ्वी का अवलोकन करने वाला एक रूसी उपग्रह 26 जून को कक्षा में विस्फोटित हो गया था. इसके 100 से ज्यादा टुकड़े अंतरिक्ष में बिखर गए थे, जिनसे अंतरिक्ष यात्रियों और दूसरे उपग्रहों के लिए खतरा पैदा हो गया है.विस्फोट के तुरंत बाद नासा के मिशन कंट्रोल ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद 6 अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को मलबे के खतरे को कम करने के लिए सुरक्षित शेल्टर लेने की प्रक्रिया अपनाने का निर्देश दिया था.

बारिश में बेहद काम आने वाले हैं ये छोटे-छोटे गैजेट्स

भारत के कई राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है . कहीं पर हल्की बारिश हो रही है तो कहीं पर झमाझम पानी गिर रहा है . यहीं बारिश लोगों के लिए कभी-कभी मुसीबत का भी सबब बन जाती है . बारिश से बचने के लिए ऐसे कुछ गैजेट्स हैं, जोकि मानसून में आपके बहुत काम आ सकते हैं . किफायती होने के साथ ही ये आपको आसानी से मिल सकते हैं .

ग्रोज की पोर्टेबल फ्लैशलाइट

कई बार ऐसा देखा गया है कि कैंपिंग पर जाते समय लोगों को जंगल और अंधेरे से होते हुए निकलना पड़ता है. उस वक्त उनके पास उजाला करने के लिए कुछ नहीं होता है. तो ऐसी चीजों से बचने के लिए ये ग्रोज की पोर्टेबल फ्लैशलाइट आपके बहुत काम आ सकती है. छोटा होने की वजह से इसको कहीं पर भी ले जाने में दिक्कत नहीं आएगी. इसके साथ ही में आप इस पोर्टेबल फ्लैशलाइट को बाहर के अलावा घर में भी लाइट जाने की स्थिति में यूज कर सकते हैं.

वाटरप्रूफ एंटी फॉग और एंटी स्टिकर

वैसे तो ये कोई गैजेट नहीं है, लेकिन बारिश के समय ये आपके बहुत काम आ सकता है. बारिश में आपकी कार के रियर-व्यू मिरर पर पानी गिरने की वजह से आपको साफ दिखाई नहीं देता है, लेकिन इस वाटरप्रूफ एंटी फॉग और एंटी स्टिकर की मदद से आप कार चलाते वक्त साफ देख पाएंगे. इस स्टिकर को खरीदने से पहले इस ये जांच कर लें कि क्या ये आपकी कार में सही से बैठता है या नहीं.

वाटरप्रूफ फोन पाउच

ये वाटरप्रूफ फोन पाउच आपके फोन के पानी से बचाकर रखेंगे. फिर चाहे आप कहीं ट्रिप पर निकलें या फिर बारिश में ऑफिस के लिए निकले हो. ये पूरे मानसून सीजन में आपके बहुत काम आएगा. अमेजन पर 51 फीसदी डिस्काउंट के साथ येष आपको 1605 रुपये में मिल जाएगा.

आर्कटिकूल पोर्टेबल मिनी फैन

मानसून लोगों को जला देनी वाली गर्मी से राहत तो देता है लेकिन चिपचिपाती उमस भी साथ में देता है. इससे बचने के लिए आर्कटिकूल पोर्टेबल मिनी फैन आपके बहुत काम आ सकता है. उमस और पसीने से बचने के लिए आप इसका यूज कर सकते है. इसके अलावा अगर घर में लाइट न आ रही हो तो इसका यूज किया जा सकता है, कहीं किसी ट्रिप पर निकलें हो तो ये आपके काफी काम आ सकता है. ये पोर्टेबल मिनी फैन अमेजन पर 46त्न डिस्काउंट के साथ 537 रुपये में मिल रहा है.